**एक नजर में**

## सागर कमिश्नर ने की जल मिशन की समीक्षा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने सागर संभाग में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे हर घर जल मिशन के निर्माण कार्यों की जिलेवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे हर घर जल मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ तेजी से पूर्ण कराएं।**

कमिश्नर ने निर्देश दिए हैं कि हर घर जल मिशन का लाभ लोगों को मिलना चाहिए। कमिश्नर ने सागर संभाग के छतरपुर, पन्ना और दमोह जिले में हर घर जल मिशन के कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की तथा निर्देशित किया गया है कि हर घर जल मिशन के निर्माण कार्यों को संबंधित विभाग के अधिकारी सर्वोच्च प्राथमिकता और गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराएं। कमिश्नर ने उक्त निर्देश जल जीवन मिशन की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, दमोह एवं छतरपुर जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत लोगों को स्वच्छ एवं शुद्ध जल मुहैया कराना शासन की प्राथमिकता है।

# झोलाछापों के हवाले है जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था

**मेडिकल स्टोरों पर नहीं बैठ रहे हैं फार्मासिस्ट**

**जांच के नाम पर की जा रही है सिर्फ खानापूर्ति**



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर सहित क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टरों के क्लीनिक संचालित होने के साथ साथ किराए के लाइसेंस पर मेडीकल स्टोर भी संचालित हो रहे है। अधिकांश मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस से चलाए जा रहे है और उनके पास कोई फार्मासिस्ट भी नहीं है। लेकिन घड़ल्ले से दवाईयां बेची जा रही है। ड्रग इंस्पेक्टर इन कतिपय मेडीकल संचालकों पर मेहरबान है उनका फीलगुड हर माह लेने का प्रावधान है लेकिन ऐसे मेडीकल संचालकों की किसी भी प्रकार की कोई जांच नहीं होती है यहां तक देखा जा रहा है। कुछ अनपढ बच्चे भी मेडीकल स्टोरों पर पूरे दिन दवाई बेचने का काम करतें है जबकि यह बच्चे मुश्किल से आठवीं या दसवीं पास होते है। फिर भी डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चो पर धडल्ले से मरीजों को दवाईयां दे रहें है। वैसे भी शहर में गली-गली में मेडीकल स्टोर खुले हुए है।**

दरअसल कुछ प्रतिष्ठित मेडीकल स्टोर को छोड़कर अधिकांश मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर संचालित हो रहें है जिन लोगों ने फार्मासिस्ट की डिग्री प्राप्त कर रखी है और मेडीकल खोलने का लाइसेंस प्राप्त कर रखा है। उन लोगों द्वारा अपना मेडीकल लाइसेंस 50 हजार से लेकर 1 लाख रूपए सालाना में किराए पर दे दिया गया है। यदि प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग एवं ड्रग इंस्पेक्टर के माध्यम से क्षेत्र में संचालित मेडीकल स्टोरों की जांच कराई जाएए तो किराए के लाइसेंस पर चल रहे मेडीकल स्टोरों का खुलासा हो जाएगा। लेकिन जांच कौन करे यदि जांच की जाएगी तो हर माह का फीलगुड बंद हो जाएगा।

ऐसा नहीं है कि ड्रग इंस्पेक्टर और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में जानकारी नहीं है। उन्हें सब पता है कि कौन मेडीकल स्टोर किराए के लाइसेंस पर चल रहा और कौन मेडीकल स्टोर फार्मासिस्ट चला रहा है। स्वास्थ्य विभाग के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि इनकी भी मजबूरी यह है कि यदि कार्यवाही की जाती है तो हर माह का फीलगुड बंद हो जाएगा कई मेडीकल स्टोर शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों को पूरा भी नहीं कर रहें है। क्योंकि उनके पास प्रर्याप्त जगह मेडीकल स्टोर खोलने के लिए नहीं है फिर भी ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा निरीक्षण करने के बाद उन्हें लाइसेंस देने के लिए हरी झंडी दे दी जाती है। ऐसा खेल लम्बे समय से चल रहा है कर्मचारियों के माध्यम से मेडीकल स्टोर में दवाई बिकवाना खतरे से खाली नही है फिर भी स्टोर संचालक अपनी मनमानी करने पर आमदा बने हुए है। कुछ अनपढ बच्चे भी मेडीकल स्टोरों पर पूरे दिन दवाई बेचने का काम करतें है जबकि यह बच्चे मुश्किल से आठवीं या दसवीं पास होते है।

### बगैर डॉक्टर की सलाह से मिल रही दवा

स्टेट बैक के पास स्थित एक तथाकथित मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा लोगों को बगैर डॉक्टरों की सलाह के सभी प्रकार की बीमारियों की दवाई बेची जा रही है। जिससे मेडिकल संचालक लोगों से दवाओं के ऐवज में मनमाने दाम बसूल रहे है। लोगों ने यहां तक बताया है कि उक्त मेडिकल संचालक का संस्थान केवल ऐसी ही दवाओं की बिक्री के कारण जमकर कमाई का जरिया बन चुका है। नियमानुसार मेडिकल संचालक द्वारा बगैर डॉक्टर की सलाह के दवाओं की बिक्री करना अपराध की श्रेणी में आता है। इसके बाद भी यहां दवाओं की बिक्री जमकर मनमाने तरीके से की जा रही है।

### नशीली दवाओं की हो रही बिक्री

शासन द्वारा खासकर स्वास्थ्य विभाग ने कुछ दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस प्रतिबंध के बाद इन दवाओं को मेडीकल स्टोरों पर नहीं बिकना चाहिए लेकिन युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेलने और अवैध कमाई के चक्कर में कई मेडीकल स्टोरों में नशीली दवाएं बिक रही है। जिसका उपयोग युवा पीढी के लोग नशे के लिए कर रहें है। पुलिस द्वारा नशे से दूरी अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन कतिपय मेडीकल संचालक पुलिस के इस अभियान को घता बता रहें है और युवाओं को खुलेआम दुगनी कीमत पर नशीली और प्रतिबंधित दवाएं बेच रहे है। ऐसा नहीं कि इस कारोबार की जानकारी संबंधित विभाग के पास नहीं हो मगर विभाग कार्यवाही के नाम पर हमेशा खानापूर्ती कर देता है।

## बाइक-बुलेरो में भिड़ंत, लगी भीषण आग



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सागर-टीकमगढ़ मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान में बोलेरो और मोटरसाइकिल में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई, जिसमें बाइक सवार की जिंदा जलने से मौत हो गई। उसकी पहचान रामदीन अहिरवार के रूप में हुई है।**

हादसा बड़ागांव धसान थाना इलाके में सोमवार शाम करीब साढ़े 7 बजे हुआ। बोलेरो में सवार सभी लोग मौके से भाग निकले। रामदीन राशनखेरा गांव का निवासी था। वह ट्रैक्टर की किस्त जमा करने टीकमगढ़ गया था। लौटते वक्त बड़ागांव-ककरवाहा रोड पर उमरी तिगैला के पास उसकी बाइक बोलेरो से टकरा गई। पुलिस के अनुसार बोलेरो ककरवाहा की ओर से बड़ागांव की तरफ जा रही थी। टक्कर के बाद इसमें सवार सभी लोग मौके से भाग निकले। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है। एसडीओपी राहुल कटरे ने बताया कि फायर ब्रिगेड की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। मामले की जांच कर रहे हैं।

सागर मार्ग पर स्थित बड़ागांव धसान में बोलेरो और मोटरसाइकिल में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों गाड़ियों में आग लग गई, जिसमें बाइक सवार की जिंदा जलने से मौत हो गई। उसकी पहचान रामदीन अहिरवार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से बड़ागांव क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस इस मामले की बारीकी से जांच करने में लगी हुई है।

## गलतफहमियों ने दीवारों का रूप लिया और टूट गया परिवार




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। वन स्टॉप सेंटर के प्रयास द्वारा दंपत्ति का संतुष्टि पूर्वक समझौता कर सुखद पुनर्वास कराया गया। वन स्टॉप सेंटर की सेंटर एडमिनिस्ट्रेटर शिखा शर्मा और काउंसलर श्रीमती फिरदौस अंजुम ने नेहा परिवर्तित नाम उसके पति और सास के साथ परामर्श सत्र आयोजित कर दोनों के रिश्ते में एक दूसरे की भावनाओं को समझने की जगह बनी।**

साथ ही पति ने नेहा को सुरक्षा और बराबरी का भरोसा दिया। सास ने अपनी गलतियों को स्वीकार करते हुए उसे बेटी का दर्जा देने का वादा किया। ज्ञातव्य है कि यह कहानी हैं एक ऐसे परिवार की जहां गलतफहमियों ने दीवारों का रूप ले लिया था। नेहा परिवर्तित नाम जो बड़े अरमानों के साथ ससुराल आई थी। आपसी कलह और सास के सख्त व्यवहार से टूटकर एक दिन घर छोड़कर चली गई। उसे लगा कि अब उसका वैवाहिक जीवन खत्म हो चुका है। लेकिन स्टॉप सेंटर की पहल ने कहानी को एक नया मोड़ दिया।

## संकल्प समाधान अभियान का लाभ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासन के निर्देशानुसार विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, तहसील एवं जिला स्तर पर पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए जिले में 31 मार्च, तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।**

इसीक्रम में जिले की सभी नगरीय निकायों में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत नागरिकों से आवश्यक योजनाओं के लाभ एवं समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्राप्त किये गये। अभियान अंतर्गत आमजन की समस्याओं का निराकरण तथा पात्र हितग्राहियों को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। ज्ञातव्य है कि सुशासन व स्वराज हेतु प्रतिबद्ध विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिए 12 जनवरी, से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है।

## शासकीय पॉलिटेक्निक में प्रवेश के लिए काउंसलिंग जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज की फैकल्टी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर करिअर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।**



इसीक्रम में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के फैकल्टी सदस्यों द्वारा जिले के विभिन्न विद्यालयों में करिअर काउंसलिंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत महावीर बाल संस्कार स्कूल में नीरेंद्र पटेल एवं पारस गुप्ता द्वारा करिअर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुष्पा हाई स्कूल, में दीपा जैन एवं प्रिया गंगेले द्वारा करिअर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, में संचालित विभिन्न तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, प्रवेश पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, प्रवेश तिथियों जानकारी प्रदान की गई।

## कल लगेगा रोजगार मेला

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। जिले के वेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के सहयोग से शा आईटीआई शनि मंदिर के पास जतारा रोड में 22 जनवरी को से युवा संगम, रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।**

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा विभिन्न पदों पर रोजगार प्रदान किये जाने हेतु साक्षात्कार लिये जायेंगे। उक्त युवा संगम, रोजगार मेले में जिले के समस्त वेरोजगार युवा अपने समस्त प्रमाण पत्रों, समग्र आईडी सहित उपस्थित होकर देश-प्रदेश की जानी मानी निजी कम्पनियों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। कल लगने वाले रोजगार मेला की तैयारियों व्यापक स्तर पर चल रही है।

## एक शाम भारत मां के नाम कार्यक्रम पर हुई चर्चा

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मंगलवार के दिन शहर के नज़रबाग प्रांगण में वीर शिवाजी छात्र संघ के द्वारा एक शाम भारत माँ के नाम कार्यक्रम को लेकर द्वितीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा बनाई गई एवं सभी सदस्यों को कार्यक्रम से सम्बंधित जिम्मेदारी सौंपी गई एवं उन्हें बताया गया कि सभी को इस। कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए आग्रह करना है और अधिक से अधिक संख्या मैं। इस कार्यक्रम में शामिल होना हैं।**



इसके अलावा कार्यक्रम को भव्य तरीके एक बड़े रूप से मनाने को लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने अपने अपने सुझाव दिए बहि। कार्यक्रम संयोजक प्रवीण कुमार चौधरी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ।बड़े ही भव्य रूप से 26 जनवरी के दिन। एक शाम भारत माँ के नाम कार्यक्रम किया जाएगा। जिसको लेकर। आज द्वितीय बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि समिति के द्वारा पिछले 11 बर्षो से 26 जनवरी के दिन एक शाम भारत माँ के नाम कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाता है उसी उपलक्ष्य में समिति के द्वारा इस साल 12वें बर्ष एक शाम भारत मां के नाम कार्यक्रम आयोजित करने जा रहे हैं बैठक में शनि चौधरी, युवराज सेन, प्रबल सिंघाई, दीपक चौधरी, राकेश चौधरी अजनौर, आकाश तिवारी, दिवाकर रावत, किशन रैकवार, योगेश सूत्रकार, योगेन्द्र चौधरी, अभिषेक अहिरवार, सिंघम यादव, नीरज अहिरवार, आशीष अहिरवार, जितेंद्र विश्वकर्मा, नरेंद्र लोधी, मधुर गुप्ता, अमित माली, भूपेंद्र अहिरवार, दिलीप अहिरवार, पवन चौधरी, खुशहाल चौधरी, गौरव अहिरवार, सक्षम अग्रवाल दयाराम, पंकज अहिरवार, गणेश भास्कर सोनू अहिरवार आदि उपस्थित रहे।

## हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी गिरफ्तार

**सिटी कोतवाली प्रभारी ने किया घटना का खुलासा**

**आरोपियों को न्यायालय ने पहुंचाया जेल**

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। ग्राम मातोली में क्रिकेट मैच खेलते समय बलराम अहिरवार उर्फ बालादीन अहिरवार पिता लछुआ अहिरवार, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मातोली के साथ विकाश अहिरवार एवं एक विधि विरुद्ध बालक द्वारा क्रिकेट खेलने के बल्ले से मारपीट की गई, जिससे बलराम अहिरवार की मृत्यु हो गई।**




थाना कोतवाली में अपराध कमांक 32/26, धारा 103(1), 296-ए, 3(5) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली बृजेंद्र सिंह घोष के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी विकाश अहिरवार, पिता पन्नालाल अहिरवार, उम्र 18 वर्ष 04 माह एवं एक अन्य विधि विरुद्ध बालक को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। थाना प्रभारी कोतवाली बृजेंद्र सिंह घोष, प्रआर- रतिराम, गजाधर, मनीष आर.- सत्यदेव, रजित, शत्रुघ्न, ऋषि, गजेन्द्र, अर्जुन, अजय पटेल, मआर. सपना की महत्वपूर्ण भूमिका रही ।ग्राम मातोली में क्रिकेट मैच खेलते समय बलराम अहिरवार उर्फ बालादीन अहिरवार पिता लछुआ अहिरवार, उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम मातोली के साथ विकाश अहिरवार एवं एक विधि विरुद्ध बालक द्वारा क्रिकेट खेलने के बल्ले से मारपीट की गई, जिससे बलराम अहिरवार की मृत्यु हो गई।

### इस टीम ने दिया कार्रवाई को अंजाम

हत्या के मामले का खुलासा करने एवं आरोपियों की गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली बृजेंद्र सिंह घोष, प्रधानआरक्षक रतिराम गजाधर, मनीष आरक्षक सत्यदेव, रजित, शत्रुघ्न, ऋषि, गजेन्द्र, अर्जुन, अजय पटेल, महिलाआरक्षक सपना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिन्होने पुलिस के अधिकारियों के मार्गदर्शन में इस मामले का खुलासा कर दिया है।

**बैठक** | **फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण**

## मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। निर्वाचन आयोग द्वारा फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 एसआईआर अंतर्गत जिले के लिए नियुक्त रोल प्रेक्षक सह संचालक आदिम जाति क्षेत्रीय विकास योजनाएं मप्र एवं प्रबंध संचालक, मप्र रोजगार एवं प्रशिक्षण परिषद तथा प्रबंध संचालक मप्र अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल तथा संचालक आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्था भोपाल अतिरिक्त प्रभार सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई।**



इसी अवसर पर टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह बुन्देला, नवीन साहू, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, निर्वाचन आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधि, एसडीएम तथा एईआरओ श्रीमती संस्कृति मुदित लटौरिया, एसडीएम बल्देवगढ़ तथा एईआरओ श्रीमती भारती देवी मिश्रा, एसडीएम जतारा तथा एईआरओ संजय कुमार दुबे, तहसीलदार सतेन्द्र सिंह गुर्जर सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैठक में निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त रोल प्रेक्षक सिंह ने एसआईआर कार्य की समीक्षा की तथा नियमानुसार समय-सीमा में सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रारूप मतदाता सूची में जिन मतदाताओं के नाम कट गये हैं उनमें से पात्र मतदाताओं के आवश्यक दस्तावेज लेकर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज करायें। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि मतदाता सूची में यदि बल्क में मतदाता दर्ज हैं तो इसकी जानकारी दें। नये मतदाताओं के लिये फार्म 6 लेकर उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं एवं एईआरओ बीएलओ से फार्म 6, 7 तथा 8 लेकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की समस्याओं को सुना तथा समाधान किया । बैठक में मौजूद सभी ने अपने-अपने सुझाव व्यक्त किए।

### सफल क्रियान्वयन में करें सहयोग प्रदान

विकास संस्था भोपाल अतिरिक्त प्रभार सतेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक में अधिकारियों ने सभी से अपील की है कि निर्वाचक नामावलियों के संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग प्रदान कर निर्वाचक नामावलियों को पूर्ण शुद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। एसआईआर कार्य अधिकारियों की कुशलता से चल रहा है।

## सुबह से छाया रहा हल्का कोहरा

**नवभारत न्यूज, टीकमगढ़। शहर में मंगलवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा। आसमान में हल्के बादल और हवा चल रही है। सोमवार को भी हल्के बादल छाए रहने से दिन और रात के तापमान में कमी दर्ज की गई। रविवार को अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस था, जो सोमवार को घटकर 25.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 11.2 डिग्री से घटकर 10.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।**

मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। शनिवार से दिन और रात के तापमान में और कमी आने की संभावना है। इस दौरान दिन का तापमान 25 से 26 डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 11 से 12 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसमबढ़ने की संभावना है।

## वीडियो कान्फ्रेंसिंग सेवा प्रारंभ




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिला चिकित्सालय में सीएमएचओ डॉ. ओपी अनुरागी, सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला एवं डॉ. अंकुर साहू के मार्गदर्शन में ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सेवा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित चौधरी द्वारा जिला चिकित्सालय के वीसी कक्ष से जतारा के वीसी अस्पताल के साथ सफलता पूर्वक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई।**

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का संचालन अजय प्रजापति ओपीडी प्रभारी एवं वीसी प्रभारी द्वारा किया गया। इस सुविधा के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा दूरस्थ क्षेत्रों से भी परामर्श संभव हो सकेगा।भविष्य में जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ में यह सुविधा सुचारु रूप से लगातार संचालित रहेगी, जिससे चिकित्सकों को अब सभी एमएलसी प्रकरणों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला चिकित्सालय से ही देखने एवं मार्गदर्शन देने की क्षमता प्राप्त होगी। डॉ. अमित चौधरी द्वारा जिला चिकित्सालय के वीसी कक्ष से जतारा के वीसी अस्पताल के साथ सफलतापूर्वक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की गई।